# वार्षिक प्रतिवेदन

प. क्र. 4887 दिनांक 17.06.1998

# तृप्ति समाज सेवी संस्था

प्रशासनिक कार्यालय– रवि भवन, जूनेजा स्टील गली, रत्नाबांधा रोड, धमतरी (छ0ग0)
मो. नं0 – 8349167337, 9009205000, फोन.नं. 8085173522
E-mail:- tsssantha@yahoo.co.in

# वार्षिक प्रतिवेदन

## वर्ष– 2018–19

## 01 विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी :–

एकीकृत बाल संरक्षण योजना के तहत विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण स्थापित करने हेतु संस्था द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव के जिला कलेक्टर की अनुशंसा पश्चात् व राज्य परियोजना के स्वीकृति समिति की बैठक के तहत् पत्र क्रमांक/3070/मबावि/ICPS/प्रा.पं.प्र.प./16–17 दिनांक 08/02/2017 तारीख के माध्यम से 10 बच्चों की क्षमता शिशु गृह (0–6 वर्ष तक बच्चें रखे जाने हेतु) हमारी संस्था तृप्ति समाज सेवी संस्था को विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी संचालित करने हेतु आदेशित किया गया है।

इस योजना के संचालन के लिए संस्था को किशोर न्याय(बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 41(1) के तहत् दत्तक ग्रहण एजेंसी के रूप में मान्यता प्रदान की गई हैं।





विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण एजेंसी में ऐसे बच्चों को आश्रय दिया जाता हैं। जो कि परिवार से दूर हो जाते है, कई बच्चें जिनको माताएं जन्म तो देती है पर सामाजिक डर से कही छोड आते है, कई गरीब माता–पिता जो अपने बच्चों का लालन–पालन नहीं कर सकतें है। अपनी स्वेच्छा से एजेंसी को दे जाते है। ऐसे बच्चों का हमारी संस्था दत्तक ग्रहण एजेंसी द्वारा पालन –पोषण कर ऐसे दम्पत्ति जो कि बाल सुख से वंचित रहतें हैं। उनके आवेदन की प्रकिया का पालन कर दत्तक ग्रहण एजेंसी की अवधारणा को मूर्तरूप प्रदान करने, निःसंतान दम्पत्ति हेतु संतान सुख तथा बच्चों को एक अच्छा परिवार वातावरण, माता–पिता का प्यार, सामाजिक परिवेश मिल सके तथा जिससे उनका भविष्य उज्जवल बन सके इस हेतु हमारी संस्था इस दिशा में सतत् प्रयासरत हैं।




- ***दत्तक में दिए गए बच्चों की जानकारीः—***

*तृप्ति समाज सेवी संस्था में अप्रैल 2018 से मार्च 2019 तक कुल 03 बच्चों को दत्तकग्रहण में दिया गया है। जिसमें 02 बालिका 01 बालक हैं जिसमें पूर्व पालन पोषण देखरेख में दिए जाने के बाद पीटीशन फाईल किया जाता हैं कुटुम्ब न्यायालय के फाईनल कोर्ट आर्डर के बाद बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनाया जाता है।*

***बच्चों की सुचीः—***

| कमांक | बच्चों का नाम | उम्र | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 01 | सावित्री | 11 माह | |
| 02 | सुरभी | 10 माह | |
| 03 | खेम | 09 माह | |

- ***संस्था मे प्रवेश प्राप्त बच्चों की जानकारी :—***

*दत्तकग्रहण में अप्रैल 2018 से मार्च 2019 तक कुल 06 बच्चें आये जिसमें 04 बालिका 02 बालक हैं ।*

| कमांक | बच्चों का नाम | उम्र | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 01 | आरोही | 2 वर्ष | |
| 02 | सावित्री | 11 माह | |
| 03 | खेम | 09 माह | |
| 04 | सुरभी | 10 माह | |
| 05 | हरिश | 1 वर्ष 3 माह | |
| 06 | नविया | 1 वर्ष 4 माह | |

- ***पूर्व पालन पोषण में दिए गए बच्चों कि सूचीः—***

*माह फरवरी में दो बच्चों को पूर्व पालन पोशण में दिया गया । बालक हरिश बाल देखरेख संस्था में निवासरत था जिसको बाल कल्याण समिति के द्वारा लीगल फ्री किया गया जिसके बाद भावी दत्तक माता पिता श्री संतोश कुमार मिश्रा व श्रीमति निर्मला मिश्रा निवासी भिलाई, दुर्ग (छ.ग) ने दिनांक 25/02/2019 को पूर्व पालन पोशण में दिया गया है।*

*जो वर्तमान मे दत्तकग्रहण की प्रकिया में है, और बालिका नव्या संस्था में निवासरत था जिसको भावी दत्तक माता पिता श्री भयाम साहू श्रीमति सारिका साहू ने दिनांक 26/03/2019 को पूर्व पालन पोशण में दिया गया हैं।*

- ***संस्था में रजिस्टर किए गए भावी दत्तक माता–पिता की जानकारीः–***

*तृप्ति समाज सेवी संस्था में रजिस्टर किए गए भावी दत्तक माता–पिता की संख्या 19 है जिसममें से 4 भावी दत्तक माता–पिता को बच्चे प्राप्त हो चुका है।*

## परिशिष्ट







*जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं गैर संस्थागत (बाल संरक्षण अधिकारी) अधिकारी द्वारा संस्था का निरीक्षण करते हुए*

# 02 बालगृह (बालिका) केन्द्र :–

*संचालनाय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दिनांक 27/07/2018 को पत्र क्र. 5073/म.बा.वि/आईसीपीएस/18–19 के आदेशानुसार संस्था द्वारा कांकेर जिले में 50 बच्चो की क्षमता वाले बालगृह (बालिका) केन्द्र का संचालन किया जा रहा हैं।*

*वर्ष 2018–19 अंतर्गत बालगृह (बालिका) में कुल 45 बालकों का आगमन हुआ वर्तमान में 35 बालिका उपस्थिति हैं। संस्था द्वारा बालगृह (बालिका) केन्द्र में निवासरत बालिकाओं हेतु उनके भोजन व्यवस्था (मैन्यु चार्ट के हिसाब से), शयन व्यवस्था, मनोरंजन की व्यवस्था, खेलने की व्यवस्था एवं उनके शिक्षा की व्यवस्था की गई हैं। प्रत्येक माह बालिकाओं का स्वास्थ परीक्षण भी कराया जाता हैं। संस्था द्वारा शासन के आदेशानुसार बालगृह (बालिका) केन्द्र में 14 कर्मचारीवृन्द की नियुक्ति की गई है। जिनके द्वारा अपने कार्य दायित्वों का निर्वहन उचित ढंग से किया जाता हैं। संस्था के समस्त क्रियाकलापों एवं व्यवस्थाओं का समय–समय पर विभागीय अधिकारीयों एवं अन्य अधिकारीयों द्वारा निरिक्षण किया जाता हैं।*

## प्रस्तावना :–

कांकेर जिले में बालगृह (बालिका) केन्द्र का संचालन तृप्ति समाज सेवी संस्था, धमतरी के द्वारा 17/09/2018 से विधिवत् किया जा रहा है। संस्थान में विधि का अभिकथित उल्लंघन करने पाए जाने वाले बालिकाओं और देखरेख तथा संरक्षण के जरूरतमंद बालिकाओं के सर्वोत्तम हित न्याय निर्णयन और निपटारे बालिकाओं के प्रति मित्रवत् दृश्टिकोण अपनाते हुए समुचित देखरेख, संरक्षा, विकास, उपचार, समाज में पुनः मिलाने के माध्यम से उनकी मूलभूत जरूरतों को पुरा करते हुए बालिकाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और बालिकाओं का सर्वोत्तम विकास करना ही संस्था का मुख्य लक्ष्य है।

बालगृह (बालिका) केन्द्र में 02 बालिकाये (18 वर्ष), 06 बालिकाये (17 वर्ष), 05 बालिकाये (16 वर्ष), 04 बालिकाये (15 वर्ष), 03 बालिकाये (14 वर्ष), 04 बालिकाये (13 वर्ष), 02 बालिकाये (12 वर्ष), 03 बालिकाये (11 वर्ष), व 01 बालिकाये (10 वर्ष), निवासरत हैं। जिसमें 12 बालिकाये नियमित छात्राएं है जो नियमित स्कूल जाते हैं। 06 बालिकाएं ओपर परीक्षा दिला रही हैं।






बालगृह (बालिका) केन्द्र कांकेर कार्यालय

## उद्देश्य :–

**किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के अनुसार मुख्य उद्देश्य :–**

01 जिसके बारे में यह पाया जाता है कि उसका कोई घर या निश्चित निवास स्थान नही है, जिसके पास जीवन निर्वाह के कोई साधन नही है उनको संरक्षण प्रदान करना।

02 श्रम विधियों का उल्लंघन करने वाले या पथ पर भीख मांगने वाले बालिकाओं को संरक्षण प्रदान करना ।

*03 बालिकाओं को मारने उसे क्षति पहुचाने, उनका शोषण करने वाले बालिकाओं को संरक्षण प्रदान करना।*

*04 बाल कल्याण समिति के द्वारा अयोग्य या असमर्थ पाये गये बालकों को संरक्षण प्रदान करना।*

*05 जिसके माता–पिता नही है और कोई भी उसकी देखरेख करने का इच्छुक नही है या जिसके माता–पिता से उसका परित्याग या अभ्यर्पण कर दिये ऐसे बालको की संरक्षण प्रदान करना।*

***संस्था के द्वारा बालिकाओं को प्रदान की जाने वाली सेवाएं :–***

- *संस्था में आगमन पश्चात् 24 घण्टे के अंदर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जाता है।*
- *बालिकाओं को रोजगार हेतु शैक्षणिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।*
- *बालिकाओ को सर्वागिण विकास प्रशिक्षण/कार्यशाला लगाया जाता है।*
- *इन्डोर/आउटडोर खेल एवं मनोरंजन की सुविधा प्रदान किया गया है।*
- *22 शैक्षणिक प्रशिक्षण हेतु बालिकाओं को स्कूल में भर्ती कराया जाता है।*
- *बालिकाओं को खेल–कूद के साथ–साथ मेंहदी, सिलाई–कढ़ाई, शिक्षा का महत्व दिया जाता था।*

*संस्था द्वारा बालगृह (बालिका) केन्द्र में बालिकाओं के सर्वोत्तम हित के लिए कार्य कर रही है। देखरेख, संरक्षा, विकास, उपचार, बालिकाओं के प्रति मित्रवत् दृष्टिकोण अपनाते हुए समाज में पुनः मिलाकर बालिकाओं को मुख्य धारा से जोड़ना संस्था का मुख्य उद्देश्य है।*

## 03 महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम :–

*संस्था द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस (08 मार्च) के अवसर पर ग्राम पंचायत – चारभांठा, वि.ख. सरायपाली, जिला– महासमुंद में महिला सशक्तिकरण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के सरपंच श्रीमति बंसती साहू द्वारा किया गया आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंच, कृषक एवं महिला स्व सहायता समुह के सदस्यो तथा अन्य महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में संस्था की **अध्यक्ष श्रीमति प्रेमिन साहू** ने उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए महिलाओं को समानता के अधिकार तथा शासन की अन्य योजनाओं से अवगत कराया तथा लिंग भेद मिटाकर साथ में मिल जुलकर काम करने हेतु प्रेरित किया। श्रीमति प्रेमिन साहू द्वारा महिलाओं को उनके साथ होने वाले दुर्व्यवहार एवं अत्याचार के खिलाफ एक जुट मुकाबला करने हेतु सक्षम बनने की बात कही नही शासन द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने तथा अपना योगदान प्रदाय करने की अपील के साथ कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।*





*महिला दिवस कार्यक्रम*

## 04 स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना :–

कार्यालय जनपद पंचायत अभनपुर के पत्र कमांक/2930/ज.प./स्वा.वि.यु.पो.यो./2018–19 अभनपुर दिनांक 05.10.2018 के आदेशानुसार संस्था द्वारा जनपद पंचायत – अभनपुर जिला – रायपुर एवं जनपद पंचायत तिल्दा के पत्र कमांक/2535/स्वा.वि.यु.प्रो.यो./ज.पं./2018 तिल्दा दिनांक 09.10.2018 के परिपालन में स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज हमारा देश स्वंतत्र होने के बावजूद अनगिनत समस्याओं से जूझ रहा है जैसे – बेकारी, गरीबी, शिक्षा, प्रदूषण एवं अन्न –जल तथा मॅहगाई की समस्या से देश की जनता प्रभावित है। ऐसी विपरीत परिस्थिति में भी स्वामी विवेकानंद जी को विश्वास था कि हमारा देश उठेगा, ऊपर उठेगा और इसी जनता के बीच में से ऊपर उठेगा। वे राष्ट्र उत्थान के प्रबल समर्थक थे। उनके जीवन का मुख्य उद्देश्य था भारत का विकास करना। युवाओं को प्रेरित किया गया हैं। राष्ट्र को विकास के मार्ग में ले जाना हैं। जिसके अंतर्गत युवा नेतृत्व सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम, कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं स्वच्छता जागरूकता शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दोनो जनपद क्षेत्र के कुल 1302 युवाओं ने भाग लिया।

### अभनपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित प्रतिभागियों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्. | कार्यक्रम का नाम | कार्यक्रम स्थल/ समयावधि | विकासखंड | जिला | प्रतिभागियों का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | पुरूष | महिला | योग |
| 1 | युवा नेतृत्व सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम | ग्राम गोबरा नवापारा 13.12.2018 से 15.12.2018 | अभनपुर | रायपुर | 35 | 28 | 63 |
| 2 | कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगित | ग्राम गोबरा नवापारा 06.12.2018 से 07.12.2018 | अभनपुर | रायपुर | 96 | 42 | 138 |
| 3 | मतदाता जागरूकता कार्यक्रम | ग्राम पारागांव 10.11..2018 | अभनपुर | रायपुर | 43 | 29 | 72 |
| 4 | मतदाता जागरूकता कार्यक्रम | ग्राम मानिकचौरी 12.11.2018 | अभनपुर | रायपुर | 48 | 28 | 76 |
| 5 | मतदाता जागरूकता कार्यक्रम | ग्राम दुलना 14.11.2018 | अभनपुर | रायपुर | 57 | 29 | 86 |
| 6 | स्वच्छ भारत विषय आधारित जागरूकता शिक्षा कार्यक्रम | ग्राम पटेवा 16.12.2018 | अभनपुर | रायपुर | 54 | 27 | 81 |
| 7 | स्वच्छ भारत विषय आधारित जागरूकता शिक्षा कार्यक्रम | ग्राम तामासिवनी 22.12.2018 | अभनपुर | रायपुर | 54 | 23 | 77 |
| **कुल योग** | | | | | **387** | **206** | **593** |

### तिल्दा में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित प्रतिभागियों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्. | कार्यक्रम का नाम | कार्यक्रम स्थल/ समयावधि | विकासखंड | जिला | प्रतिभागियों का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | पुरूष | महिला | योग |
| 1 | मतदाता जागरूकता कार्यक्रम | ग्राम तिल्दा 03.11.2018 | तिल्दा | रायपुर | 55 | 38 | 93 |
| 2 | मतदाता जागरूकता कार्यक्रम | ग्राम सिनौधा 08.11.2018 | तिल्दा | रायपुर | 62 | 28 | 90 |
| 3 | मतदाता जागरूकता कार्यक्रम | ग्राम छपोरा09.11..2018 | तिल्दा | रायपुर | 74 | 27 | 101 |
| 4 | स्वच्छ भारत विषय आधारित जागरूकता शिक्षा कार्यक्रम | ग्राम तिल्दा 04.12.2018 | तिल्दा | रायपुर | 58 | 23 | 81 |
| 5 | युवा नेतृत्व सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम | ग्राम घुलघुल 10.12.2018 से 12.12.2018 | तिल्दा | रायपुर | 26 | 25 | 51 |
| 6 | युवा नेतृत्व सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम | ग्राम छपोरा 18.12.2018 से 20.12.2018 | तिल्दा | रायपुर | 37 | 16 | 53 |
| 7 | स्वच्छ भारत विषय आधारित जागरूकता शिक्षा कार्यक्रम | ग्राम भिंभौरी 24.12.2018 | तिल्दा | रायपुर | 62 | 37 | 99 |
| 8 | कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता | ग्राम कोटा दिनांक 26.12. 2018 से 27.12.2018 | तिल्दा | रायपुर | 97 | 44 | 141 |
| **कुल योग** | | | | | **471** | **238** | **709** |



स्वच्छ भारत विषय आधारित जागरूकता कार्यक्रम




मतदाता जागरूकता कार्यक्रम




कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता




युवा नेतृत्व एवं समुदाय विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

## ➢ *युवा नेतृत्व सामुदायिक विकास प्रशिक्षण :—*

*संस्था द्वारा ग्राम गोबरा नवापारा वि.ख. – अभनपुर, जिला – रायपुर में दिनांक 13/12/2018 से 15/12/2018 तक एवं दिनांक 10.12.2018 से 12.12.2018 ग्राम घुलघुल एवं दिनांक 18.12.2018 से 20.12.2018 तक ग्राम छपोरा में युवा नेतृव्य सामुदासिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया है इस कार्यक्रम में युवा प्रतिभागियों को व्यक्त्वि विकास के संबंध में व्याख्यान दिया गया। श्री तिवारी जी ने युवाओं को बताया की सर्वप्रथम हमे स्वयं का विकास करना आवश्यक है तभी हम अपने क्षेत्र एवं देश की विकास में भागीदार बन सकते है। सभी प्रतिभागीयों के लिए चाय, नाशता, भोजन की व्यवस्था की गई थी, सभी प्रतिभागीयों ने इस कार्यक्रम में बढ़–चढ़ कर भाग लिया। सभी ने अपना पंजीयन किया। श्री लुकेश बघेल अध्यक्ष आर्सीवाद एजुकेशन सोसायटी रायपुर के द्वारा आज के व्यस्तत्म जीवन में जीवन जीने के कौशल के बारे मे जानकारी दिया गया। श्री बघेल जी के द्वारा युवाओं को विद्यार्थी जीवन में तनाव मुक्त रहने के गुण सिखाऐ गये सभी प्रतिभागीयो को खेल–कूद कराया गया, योगा का महत्व, शिक्षा हम सब के जीवन में कितना महत्व इस सब की जानकारी इस कार्यक्रम के माध्यम से बताया गया।*





युवा नेतृत्व एवं समुदाय विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम

## ➢ *कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता :–*

*संस्था कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 06.12.2018 से 07.12.2018 ग्राम गोबरा नवापारा (अभनपुर) एवं दिनांक 26.12.2018 से 27.12.2018 ग्राम कोटा जनपद पंचायत तिल्दा जिला रायपुर छ.ग में आयोजित किया गया जिसमें कब्बडी, खोखो, दौड, का खेल आयोजित किया गया। सर्वप्रथम सभी खिलाडियों का पंजीयन किया गया। पंजीयन पश्चात सभी खिलाडियों को खेल के नियम से अवगत कराया गया। कार्यक्रम आयोजन में विशेष तौर से श्री पवन यादव तृप्ति समाज सेवी संस्थान, श्री जसवंत सिंह कार्यक्रम समन्वयक, श्री ओम प्रकाश ब्रम्हे लेखालिपिक नेहरू युवा केन्द्र रायपुर, श्री मनोहर निषाद एन.वाय.सी.,मो तुफैल एन.वाय.सी, श्री प्रताप सोनी एन.वाय.सी. उपस्थित रहे। कब्बडी प्रतियोगिता में श्री कुलेश्वर पटेल एवं प्रताप सोनी के द्वारा रैफरी कार्य किया गया। सभी प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र व शील्ड दिया गया।*









**कलस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम**

## ➢ *मतदाता जागरूकता कार्यक्रम :–*

*संस्था द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 10.11.2018, 12.11.2018 एवं 14.11.2018 को क्रमशः ग्राम पारागांव, मानिकचौरी, एवं दुलना जनपद पंचायत अभनपुर एवं दिनांक 03.11. 2018, 08.11.2018 एवं 09.11.2018 को क्रमशः ग्राम तिल्दा, सिनौधा, एवं छपोरा जनपद पंचायत तिल्दा जिला रायपुर छ.ग में मतदाता जागरूकता संबधी कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था की सदस्य श्री पवन कुमार यादव जी द्वारा मतदान के महत्व को बताते हुए कहा कि मतदान एक ऐसा साधन है जिससे हमारे देश का विकास निर्धारित होता है उचित प्रतिनिधित्व का चुनाव कर अपने देश को प्रगति व विकास के मार्ग ले जा सकते हैं। अपने मतदान का उचित प्रयोग करे इसी जाति, धर्म या किसी लालच के आधार पर नही करें। कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली व मतदाता जागरूकता संगोष्ठि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिससे वे मतदान में अधिक से अधिक हिसा ले सके।*









मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

## ➢ स्वच्छ भारत विषय आधारित जागरूकता शिक्षा कार्यक्रम :–

ग्राम पटेवा, तामासिवनी, जनपद पंचायत अभनपुर एवं ग्राम तिल्दा, भिंभौरी, जनपद पंचायत तिल्दा जिला रायपुर छ.ग में स्वच्छ भारत विषय आधारित जागरूकता शिक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिला रायपुर छ.ग में स्वच्छ भारत विषय आधारित जागरूकता शिक्षा संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ग्राम के सभी ग्रामवासियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम प्रतिभागीयों को स्वच्छता से संबंधित जानकारीयों अवगत कराया गया। एवं अस्वच्छता जनित बिमारीयों के बारे में बताया गया। उसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता हेतु श्रम दान किया।






कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम में स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रचार–प्रसार के माध्यम से ग्रामवासियों को अवगत कराया गया। साथ ही स्वच्छता के लाभ के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में गंदगी से होने वाले घातक बीमारियों से अवगत कराते हुए ग्रामीणो को अपने आस–पास साफ सफाई रखने हेतु अपील किया गया।









स्वच्छ भारत विषय आधारित जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम

## 05 विश्व पर्यावरण दिवस (05 जून 2018) :–

संस्था द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून 2018 को ग्राम–पंचायत बांझापाली ग्राम – बांझापाली विकासखण्ड सरायपाली, जिला – महासमुंद में पर्यावरण जागरूकता हेतु प्रचार–प्रसार रैली का आयोजन किया गया आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता द्वारा किया गया। जिसमें ग्राम के सचिव एवं समस्त ग्रामवासी की सहभागिता रही। आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण सुधार हेतु आमजन को जानकारी प्रदाय की गई साथ ही पर्यावरण सुधार में वृक्षो के महत्व पर प्रकाश डाला गया।



**वृक्षारोपण कार्यक्रम**

पर्यावरण संतुलन बनाये रखने हेतु वृक्षारोपण किये जाने तथा वृक्षारोपण किये जाने तथा वृक्षो की कटाई न किये जाने हेतु अपील किया गया। पर्यावरण की बिगड़ती स्थिति एवं उसका विश्व के भविष्य का प्रभाव के बारे में बताया गया कि पर्यावरण है तो हमारा जीवन है पर्यावरण के बिना जीवन की कल्पना भी नही कि जा सकती। कार्यक्रम में संस्था के सचिव श्री भरत लाल साहू द्वारा वृक्षारोपण किये जाने हेतु प्रेरित किया गया तथा ग्रामवासीयों ने वृक्षारोपण किया तथा सकंल्प लिया कि हम अपने पर्यावरण की सुरक्षा करेगे, हमारे गांव तथा आसपास के स्थान को भी हरियाली बनाये। ग्रामवासीयों के सहयोग से वृक्षारोपण कार्य संपादित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## 06 कवि सम्मेलन :–

संस्था द्वारा संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग क्र. 2874/स.पु./रा.मा./2018, रायपुर दिनांक 27/9/2018 द्वारा कवि सम्मेलन का कार्यक्रम आयोजन किया गया है जिसके अंतर्गत कुल 07 ग्रामों में दिनांक 22.09.2018 से 30.09.2018 तक ग्राम सिलौटी (भखारा), मोहरेंगा (मगरलोड), गातापार (भखारा), मडेली, मेघा, भेन्डरी एवं हसदा कवि सम्मेलन का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।








इस कार्यक्रम के अंतर्गत श्री ओमपाल निडर, श्री लक्ष्मण मस्तुरिया, श्री मीर अलीमीर, श्री मनोज मद्रासी एवं श्री संजय कबीर जैसे कवियों ने अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष श्रीमति प्रेमीन साहू एवं सचिव श्री भरत लाल साहू भी उपस्थित की कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

## 07 नशा मुक्ति कार्यक्रम :–

संघर्ष को मानव जीवन का दूसरा नाम कहा जाता है। इसी संघर्ष से व्यक्ति कुंदन की तरह शुद्ध और पवित्र बन जाता है जिन लोगो का हद्य कमजोर होता है या जिनका निश्चय सुदृढ़ नही होता है वे संघर्ष के आगे घुटने टेक देते है। वे अपनी सफलता से बचने के लिए नशे को सहारा बनाते हैं। इसी नशे का प्रभाव सभी क्षेत्रों में पड़ रहा है चाहे ग्रामीण, नगरीय, अमीरी, गरीबी एवं माध्यम वर्ग परिवार में सभी वर्ग में इसका असर पड़ रहा हैं। इसी कारण संस्था द्वारा ग्राम पंचायत – जामरांव, रानीतराई, बलोदी, व तर्रा विकासखण्ड – पाटन जिला– दुर्ग (छ.ग.) में नशा मुक्ति हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संबंधित ग्राम पंचायतो में नशे की संलिप्तता होने के कारण वहां होने वाले विकास कार्यो में बाधा होने को ध्यान में रखकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम ग्राम पंचायत एवं महिला स्व सहायता समुह के सदस्यो का आहवान कर प्रचार–प्रसार के माध्यम से नशे की लत कारण होने वाले क्षति जैसे शारिरिक, मानसिक व आर्थिक क्षति से अवगत कराया गया। साथ ही नशे के कारण आने वाले पीढी पर पडने वाले दुष्प्रभाव से भी अवगत कराया गया तथा संस्था के अध्यक्ष श्रीमति प्रेमिन साहू द्वारा **" नशा को दूर भगाना है सबका जीवन स्वस्थ्य बनाना है "** जैसे नारो का महत्व समझाते हुए ग्राम की महिलाओं को नशे का विरोध करने हेतु एकजूट होकर नशा समाप्ति कराने की अपील किया गया तत्पश्चात् कार्यक्रम का समापन किया गया।

## 08 बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम :–

*महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर छ.ग. के द्वारा फरवरी माह में आयोजित कार्यक्रम में संस्था द्वारा सहयोगी के रूप में कार्य किया गया, जिसमें संस्था की अध्यक्ष श्रीमति प्रेमिन साहू बालिकाओ के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रही एवं शासन द्वारा किये जा रहे अभिनव पहल में सहभागिता दर्ज करायी। कार्यक्रम के माध्यम से सभी बालिकाओ को शिक्षित बनाने, शैक्षणिक एवं व्यवसायिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए की प्रेरणा दिया गया। कार्यक्रम के समापन पश्चात् संस्था के कार्यालय में समस्त पदाधिकारीयो एवं संस्था के सदस्यों द्वारा बैठक रखकर शासन के इस कार्यक्रम का सुनियोजित ढंग से प्रचार–प्रसार करने का संकल्प लिया।*



बेटी बचाओ बेटी पढाओ कार्यक्रम